**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *201**

**14 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए**

## बय्यारम में इस्पात संयंत्र की स्थापना

***201. श्री धर्मपुरी श्रीनिवासः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ध्यान तेलंगाना स्थित खम्माम जिले के बय्यारम में इस्पात संयंत्र स्थापित किए जाने के विषय की ओर दिलाया गया है, जैसा कि आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में वायदा किया गया था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या तेलंगाना सरकार ने अपने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के माध्यम से यह अनुरोध करते हुए एक नया प्रस्ताव प्रस्तुत किया है कि तेलंगाना के बय्यारम में एक इस्पात संयंत्र स्थापित किए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई आश्वासन दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इसके क्रियान्वयन में तेजी लाए जाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री चौधरी बीरेन्द्र सिंह)**

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

******

**"बय्यारम में इस्पात संयंत्र की स्थापना" के बारे में श्री धर्मपुरी श्रीनिवास, संसद सदस्य द्वारा राज्य सभा में दिनांक 14 मार्च, 2018 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *201 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014, की तेरहवीं अनुसूची की शर्तों के मुताबिक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा तेलंगाना के खम्माम जिले के बय्यारम में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने की व्यवहार्यता संबंधी जांच की जानी थी। सेल द्वारा दिनांक 02.12.2014 को प्रस्तुत व्यवहार्यता रिपोर्ट के अनुसार इस्पात संयंत्र की स्थापना प्रथम दृष्ट्या वित्तीय रूप से व्यवहार्य नहीं है।

(ख): तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने अपने दिनांक 27.12.2017 के पत्र द्वारा व्यवहार्यता रिपोर्ट को अंतिम रूप देने पर तेजी लाने हेतु पुनः जोर दिया है, ताकि तेलंगाना में इस्पात संयंत्र की स्थापना पर निर्णय लिया जा सके।

(ग) और (घ): तेलंगाना के खम्माम जिले में इस्पात संयत्रों की स्थापना करने हेतु एक रोडमैप तैयार करने के लिए दिनांक 19.10.2016 को एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है जिसमें केंद्रीय एवं संबंधित राज्य सरकारों, सेल, आरआईएनएल, एनएमडीसी लिमिटेड, मेकॉन लिमिटेड और एमएसटीसी लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल हैं। दिनांक 27.12.2017 को टास्क फोर्स की पिछली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि संबंधित राज्य सरकार रिपोर्ट तैयार करने के लिए मेकॉन के साथ आंकड़ों का आदान-प्रदान करेगी और वास्तविक पूर्वानुमान तैयार करेगी, जिसके आधार पर मेकॉन व्यवहार्यता रिपोर्ट को पूरा करेगा।

******